दिन– शुक्रवार | दिनांक– 29/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का पांच दिवसीय भारत दौरा। कल बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में करेंगे पूजा–अर्चना।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों को सुरक्षित रखे गये फैसलों को तीन महीने के अंदर सुनाने का दिया निर्देश।

03. राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा– दाखिल–खारिज के लंबित आवेदनों का पन्द्रह दिनों में करे निष्पादन।

04. और, प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी–बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में सात लोगों की मौत। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फसलों की क्षति के सर्वे का दिया आदेश।

———————————————————

म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग शनिवार से भारत के पांच दिन के दौरे पर रहेंगे। राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। यात्रा के दौरान म्यांमा के राष्ट्रपति पहली जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। यात्रा के क्रम में राष्ट्रपति कल विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर और बकरौर स्थित ऐतिहासिक सुजाता मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर बोधगया में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज देश के सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर उसे सुनाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि फैसलों में देरी से याचिकाकर्ताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय की आवश्यकता पर बल दिया। पीठ ने कहा कि जमानत आवेदनों पर आदेश उसी दिन या अगले दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि जमानत या सजा निलंबन का आदेश सुनाए जाने के तुरंत बाद जेल अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य है। विचाराधीन कैदी को उसी दिन या अधिकतम अगले दिन रिहा किया जाना चाहिए। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने राज्य में पन्द्रह दिनों के भीतर लंबित लगभग तीन लाख दस हजार दाखिल–खारिज आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विभागीय सचिव जय सिंह ने इस संबंध में सभी समाहर्ताओं को पत्र जारी किया है। यह निर्देश त्रुटि जांच स्तर पर लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटारे को लेकर जारी किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा है कि मामूली तकनीकी त्रुटियों के लिए आम लोगों को परेशान न किया जाए और दाखिल–खारिज प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी तथा जवाबदेही बनाया जाए।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को भागलपुर के तिलकपुर गांव में स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इससे पहले श्री चौधरी ने कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात की। इस दौरान राज्य में कृषि क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दो दिवसीय दौरे के बाद आज शाम पटना लौट चुके हैं।

————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि नियमों के विरुद्ध चलने वाले प्रदेश के सभी विद्यालयों और मदरसों की जांच करायी जायेगी। फर्जी पाये जाने पर उन विद्यालयों और मदरसों को बंद किया जायेगा।

———साउंड बाईट———

————————————————————————

भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत अब तक चालीस लाख मकानों की छत पर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ नवीकरणीय ऊर्जा की पहल नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को बिजली उपभोक्ता से बिजली उत्पादक बना रही है। इस योजना से परिवारों को बिजली के खर्च में कमी लाने, सरकारी सब्सिडी का लाभ उठाने और शून्य बिजली बिल की ओर बढ़ने में मदद मिल रही है।

————————————————————————

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज से तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्‌घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बापू के सिद्धांतों और आदर्शों की रक्षा के लिए प्रतिबध है। अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि सत्य

और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बापू की विचारधारा से संगठन को मजबूत बनाया जायेगा।

---साउंड बाईट---

-----------------------------------

पटना, गया, नालंदा, वैशाली, बक्सर, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश और कई जगहों पर ओलावृष्टि हुई। पटना और आस–पास के इलाकों में आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़–पौधे और बिजली के खम्भे उखड़ने से आवागमन और बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित हुई है। खेतों में लगी फसलों के साथ–साथ आम और लीची की फसल को भी व्यापक नुकसान हुआ है। बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हुई है। गया में तीन, औरंगाबाद में दो और सारण तथा खगड़िया में एक–एक व्यक्ति के मौत की खबर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने मृतक के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में अगले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, बांका और भागलपुर जिले में बहुत भारी बारिश की सम्भावना जतायी है।

---साउंड बाईट---

-----------------------------------

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से हुई फसलों की क्षति के सर्वे का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संबंध में कृषि और आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिये गये हैं, ताकि प्रभावित किसानों को समुचित राहत दी जा सके।

-----------------------------------

पटना जिले के दानापुर अनुमंडल दंडाधिकारी अनिरूद्ध पाण्डेय ने अनुमंडल स्थित गंगा नदी और अन्य नदियों में चलने वाले नाव और मोटरबोट के परिचालन पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय के पहले तक यह रोक लगायी गयी है।

-----------------------------------

भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने कहा है कि विक्रमशिला सेतु पर सात जून से पहले वाहनों का परिचालन शुरू हो जायेगा। बेली ब्रिज निर्माण के निरीक्षण के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि तकनीकी ऑडिट के रिपोर्ट पर एक और बेली ब्रिज का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि

निर्माण कार्य में सीमा सड़क संगठन और पुल निर्माण निगम के अधिकारी और कर्मी लगातार जुटे हुये हैं।

———साउंड बाईट———

——————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार प्रदेश संगठन के नए पदाधिकारियों की घोषणा की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार जारी सूची में प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश मंत्री, कोषाध्यक्ष तथा विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं। सूची के अनुसार पूर्व विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल, राकेश कुमार, संतोष पाठक, मनोज कुमार सिंह, अनामिका पासवान, रामा सिंह, पवन जायसवाल और प्रणव कुमार यादव सहित कुल चौदह नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक तथा राजेश झा को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

——————————————————————————

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वितरण समारोह में शेखपुरा जिले की तीन पंचायतों केवटी, महसार और डीहकुसुंभा के मुखिया को सम्मानित किया जायेगा। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि तीन जून को भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में चयनित मुखिया में दीपक कुमार, साधु चौधरी और मथुरा यादव को सम्मानित किया जायेगा।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जापान में आयोजित होने वाले पैरा एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई करने पर राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी शैलेश कुमार और हिमांशु यादव को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री चौधरी ने कहा कि यह पूरे राज्य के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है।

——————————————————————————

शिक्षा मंत्रालय की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत आयोजित युवा संगम फेज़—सिक्स के तहत बिहार दौरे पर आये पंजाब के पचास सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पटनासिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने अरदास की और गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि युवा संगम कार्यक्रम देश की विविध संस्कृति, परंपरा और विरासत को समझने का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने बिहार की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों की सराहना की।

——————————————————————————

दरभंगा–पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का ठहराव अब सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी और डुमरा स्टेशन पर भी होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र के माध्यम से सीतामढ़ी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर को यह जानकारी दी है। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने बताया कि सीतामढ़ी क्षेत्र को बेहतर रेल सुविधा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बेगूसराय डीटीओ ऑफिस के लिपिक संजय कुमार और उसके सहयोगी दलाल शिवानंद झा को छह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी आवेदक से गाड़ी ट्रांसफर कराने के एवज में रिश्वत ले रहा था।

————————————————————

समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना के थानाध्यक्ष अकमल खुर्शीद को प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के साथ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। वहीं, किशनगंज जिले के बहादुरगंज थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सावित्री कुमारी को कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर की गई है।

————————————————————

रोहतास के सासाराम नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सात सदस्यों का चयन किया गया।

————————————————————

सुपौल के भीमपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा से एक क्विंटल गांजा के साथ दो तस्कारों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे का मूल्य चालीस लाख रूपये बताया जा रहा है।

————————————————————

किशनगंज जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मादक पदार्थ हेरोईन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

बक्सर जिले के पुलियाघाट के पास गंगा नदी में स्नान के दौरान दो किशोरी डूब गयी। इस घटना में एक किशोरी की मौत हो गई है जबकि दूसरी की तलाश जारी है। वहीं, गोपालगंज जिले के मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत डुमरिया घाट पर गंडक नदी पार करने के दौरान तीन लड़कियां तेज धार में बह गयी। घटना के बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार तलाश कर रही है।

———————————————————

रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में दो मोटरसाईकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का पांच दिवसीय भारत दौरा। कल बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में करेंगे पूजा–अर्चना।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों को सुरक्षित रखे गये फैसलों को तीन महीने के अंदर सुनाने का दिया निर्देश।

03. राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा– दाखिल–खारिज के लंबित आवेदनों का पन्द्रह दिनों में करे निष्पादन।

04. और, प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी–बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में सात लोगों की मौत। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फसलों की क्षति के सर्वे का दिया आदेश।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।